# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

**Shashank Shekhar Sinha**
President
Mob. No.- 9334118192

**Anil Kumar**
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No 94 Date 11.10.2020

## वार्षिक आम सभा–11.10.2020

## महासचिव का प्रतिवेदन

संघ की नई कार्यकारिणी का गठन दिनांक–24.11.2019 को किया गया था। दिनांक–22.03.2019 से कोविड–19 के मद्देनजर Epidemic Act के प्रभावी प्रावधानों के कारण पूरे देश में आपात स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण जन–सामान्य का जीवन प्रभावित रहा है।

1. नई कार्यकारिणी को काम करने का मौका मिलने के बाद सर्वप्रथम संघ ने निम्न मुद्दों को सरकार के समक्ष रखने का प्रयास किया, जिसे पूर्व में नहीं उठाया गया था;

   I. Non scs कैडर के पदाधिकारियों की IAS में नियुक्ति पर रोक।

   II. बासा की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के आलोक में ECS के माध्यम से सदस्यता एवं कल्याण शुल्क जमा कराए जाने के अभियान की समीक्षा।

   III. अपर अनुमण्डल पदाधिकारी का पद समाप्त करने के लिए अभ्यावेदन।

   IV. बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पद पर नियुक्त पदाधिकारियों को पे–मैट्रिक्स स्तर–11 अनुमान्य किए जाने के संबंध में अभ्यावेदन।

   V. विभिन्न जिला पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय में बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के चिन्हित पदों पर गैर संवर्गीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किए जाने के प्रचलन पर रोक लगाने के संबंध में अभ्यावेदन।

   VI. बासा पदाधिकारियों की प्रोन्नति पर सरकार द्वारा एकतरफा रोक के निर्णय पर अभ्यावेदन एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में वाद दायर करना।

   VII. बिहार कारा सेवा के अनुरूप बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भी 01.01.1996 के प्रभाव से 6500–10500 का वेतनमान 8000–13500 स्वीकृत करने के संबंध में अभ्यावेदन।

   VIII. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली 1996 में संशोधन प्रस्ताव सरकार को प्रतिवेदित करना।

   IX. दिनांक 01.09.2005 के पूर्व नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किए जाने के संबंध में अभ्यावेदन।

2. इसके अतिरिक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की निम्न समस्याओं के लिए भी सरकार को ज्ञापन दिया गया है;

I. छोटे–छोटे मामलों में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने पर अविलंब रोक लगाने के संबंध में।

II. अनिश्चितकालीन विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया को कालबद्ध समय में निष्पादित किए जाने के संबंध में।

III. निलंबित पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही पर अनिश्चित अवधि से निर्णय लंबित रहने अथवा कालबाधित होने के आधार पर निलंबन वापस लेने एवं पदस्थापन किए जाने के सबंध में।

IV. निलंबित पदाधिकारियों का मुख्यालय निलंबित पदाधिकारियों से प्राप्त विकल्प के आधार पर निर्धारित करने के संबंध में।

V. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के संबंध में।

VI. प्रोन्नति के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की लंबित नियुक्ति के संबंध में।

3. संघ भवन के निर्माण के बावजुद संघ कार्यालय का कक्ष नहीं था। मृत साथियों के परिवार को दिया जानेवाला अनुदान बंद था। अखिल भारतीय संघ का भी बकाया भुगतान नहीं किया गया था। विभिन्न मद में वकील का विपत्र बकाया था। नई कार्यकारिणी की वित्तीय स्थिति विरासत में मिली भी उसे सुदृढ़ किया गया है, जो निम्न प्रकार है;

| | बासा की वित्तीय स्वास्थ्य | | |
|---|---|---|---|
| | | Bank Balance as on | |
| Head | 01.11.19 | 31.03.20 | 31.08.20 |
| Building | 330161.89 | 446902.19 | 250622.39 |
| General | 16907.48 | 26803.78 | 135797.08 |
| Cultural | 64703.12 | 96614.9 | 406789.9 |
| Legal | 69771.44 | 70888.74 | 46963.34 |
| Welfare | 102046.92 | 1656775.72 | 1648115.02 |
| | 583590.85 | 2297985.33 | 2488287.73 |

वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए ECS के माध्यम से सहयोग राशि प्राप्त करने की योजना प्रारम्भ की गई है। अभी तक इससे 200 से अधिक पदाधिकारी जुड़े है। इसे शत प्रतिशत करने का प्रयास जारी है।

4. पुरानी कार्यकारिणी के निम्न बकायों का भुगतान किया गया है;

I. पुराना विधि कार्य का बकाया रूपए 24500/– भुगतान है।

II. कल्याण मद में जो बकाया रूपए 4,50,000/– था, उसका लाभ मृत सदस्यों के परिवार को दिया गया।

III. अखिल भारतीय असैनिक सेवा संघ का रूपए 55000/– बकाया था, उसका भुगतान किया गया।

IV. विगत आम सभा का बकाया 2,17,800 भुगतान किया गया।

V. पुराने Website का बकाया भूगतान किया गया।

5. नई कार्यकारिणी द्वारा निम्न नए कार्य को प्रारम्भ किया गया है;

I. कल्याण मद की राशि 1,00,000/– से बढ़ाकर भूतलक्षी प्रभाव से रूपए 1,50,000/– करते हुए कुल 6 मामलों में रूपये 9,00,000/– एवं एक मामले के लिए 1,50,000/– सुरक्षित रखा गया है।

II. पहली बार चिकित्सीय अनुदान स्वीकृत करने की परंपरा शुरू की गई है। इस मद में दो सदस्यों को कुल रूपए 1,00,000/– का लाभ दिया गया है।

III. बासा का नया Website (basabihar.org) प्रारम्भ किया गया है, जिस पर बासा के क्रियाकलापों की अद्यतन स्थिति से सभी सदस्य को अवगत कराया जाता है।

IV. पहली बार Basa Cricket Cup, नववर्ष समारोह, स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह एवं होली मिलन समारोह की परंपरा प्रारम्भ की गई। इन आयोजनो का प्रमुख उद्देश्य आपसी सद्भाव एवं भाईचारा को बढ़ावा देना है।

6. इसके अतिरिक्त बासा भवन में पहली बार Computer/Printer से सुसज्जित कार्यालय कक्ष की स्थापना की गई। मासिक आय–व्यय का ब्यौरा कार्यकारिणी के अवलोकनार्थ एवं विमर्शोपरान्त अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस कार्य के लिए पूरे बासा के तरफ से कोषाध्यक्ष श्री सुनील कुमार तिवारी को साधुवाद देता हूँ।

7. नई कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बासा भवन में बासा क्लब की स्थापना की गई है। मुख्यतः पटना से बाहर पदस्थापित सदस्य जो बासा भवन में ठहरते है तथा पटना में पदस्थापित सदस्यों के मनोरंजन के लिए Mega Size का T.V. ( DTH एवं इंटरनेट सुविधा सहित), टेबल टेनिस एवं विलियर्ड्स बोर्ड, कैरम बोर्ड इत्यादि की स्थायी व्यवस्था कर दी गई है। इस कार्य के लिए मोतिहारी जिला यूनिट विशेष बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने रूपये 5,00,000/– का सहयोग केन्द्रीय इकाई को दिया है।

8. उक्त तथ्यों के अवलोकनोपरान्त यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक महामारी के दौरान जहां पूरी व्यवस्था अस्त–व्यस्त रही है, वैसे आपातकाल में भी बासा अपने सदस्यों के कल्याण के लिए सीमित संसाधनों के बावजूद क्रियाशील रहा है। अनुमण्डल पदाधिकारी, नवादा का मामला हो या राशन कार्ड बनाने के क्रम में सम्पूर्ण बिहार के अनुमण्डल पदाधिकारियों का मामला रहा हो या वर्त्तमान बासा उपविधि में संशोधन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना हो अथवा मृत साथियों के कल्याण कार्य का मामला हो या बिहार प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन नई केन्द्रीय कार्यकारिणी निर्भीकता एवं पारदर्शी तरीके से अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए सतत् प्रयत्नशील रहा है। यह सब आपके सहयोग से ही सम्भव हो सका है। उम्मीद है कि भविष्य में भी आपका सहयोग मिलता रहेगा।

**जय हिन्द** **जय बासा**

11/10/2020

(अनिल कुमार)